>

Title: Need to grant clearance for the construction of Chandia dam project in district Sagar, Madhya Pradesh - laid

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर (मध्य प्रदेश) के शाहगढ़ के समीप अपर चंदिया बांध की डूब भूमि में कुछ जगह वन विभाग की आ रही है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण विभाग को एन.ओ.सी का प्रस्ताव भेजा गया है। इस बांध से न केवल किसान लाभान्वित होंगे बल्कि बहुत बड़े भूभाग में पानी का भराव होने से जहां सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा वहीं पेयजल समस्या का भी निराकरण होगा तथा वहां के जंगली जानवरों को भी एक रमणीक स्थान उपलब्ध होने से उनकी संख्या का भी विस्तार होगा।

अतः केन्द्र सरकार से अपर चंदिया बांध के लिये केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण विभाग से एन.ओ.सी दिलाने का सहयोग करें।